CLEA - कॉमनवेल्थ अटॉर्नी और सॉलिसिटिर जनरल कॉन्फ्रेंस 2024

सरोत: पी.आई.बी.

हाल ही में भारतीय प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में **कॉमनवेल्थ लीगल एजुकेशन एसोसिएशन (CLEA)** - **कॉमनवेल्थ** अटॉर्नी **और सॉलिसिटिर जनरल कॉन्फ्रेंस (CASGC) 2024** का उद्घाटन किया, जिसमें समकालीन कानूनी चुनौतियों से निपटने में वैश्विक सहयोग के महत्त्व पर बल दिया गया।

- **"न्याय वितिरण में सीमा पार चुनौतियाँ (Cross-Border Challenges in Justice Delivery)** " विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में न्यायिक परिवर्तन, कानूनी अभ्यास के नैतिक आयाम और कार्यकारी जवाबदेही सहित मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिये प्रमुख कानूनी विचारकों को बुलाया गया।
- इसमें विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडलों के साथ-साथ एशिया-प्रशांत, अफ्रीका और कैरेबियन में फैले राष्ट्रमंडल देशों के अटॉर्नी जनरलों तथा **सॉलिसिटिरों** की भागीदारी देखी गई।
- इस बात पर प्रकाश डाला गया कि **व्यापार और अपराध भौगोलिक सीमाओं से परे हैं,** इसलिये कानूनी ढाँचे के पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता है।
    - **साइबर धोखाधड़ी और** आतंकवाद **सहित विविध मुद्दों को हल करने में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग आवश्यक है।**

और पढ़ें: भारत के महान्यायवादी

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/clea-commonwealth-attorneys-and-solicitors-general-conference-2024